
## एक नजर में

### सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल गुप्ता दिवंगत



**छापीहेड़ा 16 जुलाई, सं.** नगर के शिक्षक मोहनलाल गुप्ता का 85 वर्ष की उम्र में निधन हो गया. वे पेंशनर संघ के पूर्व अध्यक्ष व मेडतवाल समाज के सचिव थे. समाज सेवी श्री गुप्ता की अंत्येष्टि में नगर के समाजजन परिवार तथा शिक्षकों ने उनके अंतिम संस्कार में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की. उनका अंतिम संस्कार सेदरा रोड मुक्तिधाम पर बुधवार दोपहर बाद किया गया.

### डॉ पवन धनगर बने कार्यकारी जिला अध्यक्ष

**तलेन 16 जुलाई, सं.**



विमुक्त घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ मप्र संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञान सिंह बघेल के निर्देशानुसार एवं प्रदेश अध्यक्ष केशर सिंह बागोरिया की सहमति से और कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मुन्ना नाथ जोगी और रामकृष्ण बघेल की व राजगढ़ जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण धनगर की अनुशंसा पर डॉक्टर पवन धनगर को घुमंतु एवं अर्ध घुमंतु जनजाति महासंघ जिला राजगढ़ का कार्यकारी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है. डॉ. पवन धनगर की इस नियुक्ति पर इष्टजनो, मित्रजनों सहित समाज के लोगों ने बधाई दी है.

### आदिवासी भील समाज की जिला बैठक कल

**ब्यावरा 16 जुलाई, का.** आदिवासी भील समाज, जिला राजगढ़ द्वारा आगामी 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के आयोजन की तैयारियों तथा समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श के लिए 18 जुलाई सुबह 11 बजे जिला स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक अंजनीलाल मंदिर पर आयोजित की गई है. जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि बैठक में विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम की रूपरेखा, समाज की एकता एवं संगठन को मजबूत बनाने, युवाओं की सहभागिता बढ़ाने तथा समाज से जुड़े समसामयिक विषयों पर चर्चा की जाएगी. जिले के सभी समाजजनों, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में उपस्थित होकर समाज के हित में एकजुट होकर बैठक को सफल बनाएं.

### कुण्डालिया जल प्रदाय योजना की समीक्षा

**राजगढ़ 16 जुलाई, का.** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के प्रमुख सचिव मनीष सिंह एवं प्रबंध संचालक जल निगम केवीएस चौधरी द्वारा वीसी के माध्यम से कुण्डालिया ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना की विस्तृत समीक्षा की गई. समीक्षा के दौरान प्रमुख सचिव ने कांट्रैक्टर फर्म मेसर्स एलएंडटी को सख्त निर्देश दिए कि आगामी 3 माह के अंदर योजना के सभी शेष कार्यों को अनिवार्य रूप से समाप्त किया


**भूमि बेचना है**

नेशनल हाईवे नंबर 3 बायपास प्रज्ञा सागर शुजालपुर से बाईपास में मुआवजा मिलने के बाद 11 बीघा जमीन बेचना है. सरेड़ी पटवारी

**सम्पर्क करें : 9424406947**

*बिल: 09 अगस्त*


# जलाशयों में डूबने से 3 लोगों की मौत

पार्वती नदी के बरायठा स्थित पुराने पुल पर नहाने गए दो युवक डूबे, शहर के परसराम तालाब में मिला शव

**अस्थाई पुल पर नहाने उतरे दो युवक डूबे, एक का शव मिला, दूसरे की तलाश जारी पुल पर बाइक, कपड़े और मोबाइल मिलने के बाद शुरू हुआ रेस्क्यू अभियान**



**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 16 जुलाई, सं. नरसिंहगढ़-बैरसिया मार्ग स्थित अस्थाई पुल पर नहाने उतरे दो युवकों के डूबने की घटना सामने आई है. गुरुवार सुबह से चले रेस्क्यू अभियान में एक युवक का शव बरामद कर लिया गया, जबकि दूसरे की तलाश समाचार लिखे जाने तक जारी थी.**

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार लापता युवकों की पहचान सोनू पिता श्रीलाल अहिरवार (26) एवं गोलू पिता जमनालाल अहिरवार (23) निवासी मेगरा नवीन, थाना नजीराबाद, भोपाल के रूप में हुई है.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक बुधवार शाम अस्थाई पुल के पास नहाने के लिए पानी में उतरे थे. आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें नहाते हुए देखा था. काफी देर तक दोनों वापस नहीं लौटे तो लोगों की नजर पुल पर काफी समय से खड़ी उनकी बाइक पर गई. इसके बाद पुल पर तैनात पुलिसकर्मी को सूचना दी गई कि दो युवक काफी देर पहले पानी में नहाने उतरे थे, लेकिन अब दिखाई नहीं दे रहे हैं.

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से तलाश शुरू की गई, लेकिन रात होने के कारण सफलता नहीं मिल सकी. गुरुवार सुबह एसडीईआरएफ/रेस्क्यू टीम ने दोबारा सर्च अभियान शुरू किया. अभियान के दौरान सोनू का शव बरामद कर लिया गया, जबकि गोलू की तलाश देर शाम तक जारी रही. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम किया है तथा मामले की जांच जारी है.

## परसराम तालाब में मिला युवक का शव

नगर के परसराम तालाब (भंडारी कॉलोनी के पीछे) गुरुवार सुबह एक युवक का शव पानी में तैरता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. सुबह लोगों ने तालाब में शव देखा और पुलिस को सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया. मृतक की पहचान श्याम पिता रोड जी जाटव (35) निवासी बड़ा महादेव के नीचे, नरसिंहगढ़ के रूप में हुई. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाकर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है. फिलहाल मौत के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार मृतक नशा करने का आदी बताया जा रहा है. स्थानीय लोगों का अनुमान है कि वह मछली पकड़ने के लिए तालाब गया होगा और नशे की हालत में पैर फिसलने से पानी में गिर गया होगा. हालांकि, पुलिस ने इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे.



# सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा घायल

एक घायल का इलाज जारी; पुलिस शिनाख्त में जुटी



**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 16 जुलाई, सं.** ब्यावरा-राजगढ़ रोड पर ग्राम खुरी के पास हुए एक सड़क हादसे में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई. घायल को पहले ब्यावरा सिविल अस्पताल ले जाया गया था, जहां से गंभीर हालत में जिला अस्पताल राजगढ़ रेफर किया गया. इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं. पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम खुरी गांव के पास हुआ. हादसे में दो लोग घायल हुए थे, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया. गंभीर रूप से घायल करीब 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति को पहले ब्यावरा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया. हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल राजगढ़ रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई.

### एक अन्य घायल का इलाज जारी

हादसे में घायल दूसरे व्यक्ति का उपचार फिलहाल ब्यावरा सिविल अस्पताल में चल रहा है. उसकी स्थिति पर डॉक्टर लगातार नजर बनाए हुए हैं. पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सुरक्षित रखवा दिया है. मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है. पुलिस उसकी शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है. मामले की सूचना देहात थाना ब्यावरा को भेज दी गई है और सड़क दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है.

# 43 छात्राओं को वितरित की साइकिलें

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत किया पौधारोपण



**नवभारत न्यूज**

**छापीहेड़ा 16 जुलाई, सं. शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छापीहेड़ा में विधायक हजारीलाल दाँगी के मुख्य आतिथ्य में साइकिल वितरण कार्यक्रम एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया.**

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्राओं द्वारा आकर्षक स्कूल बैण्ड की प्रस्तुति के साथ हुआ. विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि विगत शैक्षणिक सत्र में विद्यालय की कक्षा 12वीं की 43 छात्राओं को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के आधार पर शासन द्वारा लैपटॉप प्रदान किए गए. साथ ही उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक, खेल एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी भी दी.

विधायक हजारीलाल दाँगी ने विद्यालय की 43 छात्राओं को साइकिलें वितरित कर कहा कि प्रदेश सरकार बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा साइकिल वितरण योजना छात्राओं की नियमित विद्यालय उपस्थिति, आत्मनिर्भरता एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को नई दिशा प्रदान कर रही है.

इसी मौके पर विधायक श्री दाँगी ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया.

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों में बद्रीलाल रजक, प्रवीण विसालिया, गोपाल कृष्ण गुप्ता, राधेश्याम भामी एवं श्रीनाथ दाँगी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे. वही थाना छापीहेड़ा द्वारा नशा मुक्ति अभियान 2.0 अभियान में नशा से दूरी है जरूरी के तहत कन्या शाला उमा विद्यालय छापीहेड़ा में नशा मुक्त समाज की शपथ दिलवाई गई. कार्यक्रम में नपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण खटीक, मंडल अध्यक्ष बद्री रजक अन्य जनप्रतिनिधि, स्कूल प्राचार्य शिक्षकगण एवं छात्राएं उपस्थित रहे.

## कुर्सी पर बैठा युवक गिरा, मौत का वीडियो वायरल



**सारंगपुर 16 जुलाई, सं.** अपने घर मोंगिया खेड़ी थाना कुरावर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे एक युवा कुर्सी पर बैठते ही गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार रामबाबू पिता देवी सिंह उम्र 30 निवासी ग्राम मोगिया खेड़ी थाना कुरावर बुधवार सुबह अब रोड किनारे एक चाय की दुकान पर अपने घर जाने के लिए बस का इंतजार कर रहा था. इसी दौरान सुबह 10 बजे एकदम से चक्कर आने पर वह कुर्सी पर बैठ गया और बैठते ही जमीन पर गिर गया आसपास के लोगों ने घटना को देखते हुए तुरंत ही युवक को शासकीय शिविल अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया. जहां पर डॉक्टर की टीम ने युवक का चेकअप कर युवक को मृत्यु घोषित कर दिया. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया. फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है.

## इंस्टाग्राम पर खेती आधारित कंटेंट के लिए मयंक सम्मानित

इंस्टाग्राम चैनल इंदौरीग्राम चलाने वाले मयंक भावसार को सीएम ने किया सम्मानित



**जीरापुर 16 जुलाई, सं.** इंदौरीग्राम इंस्टाग्राम पेज संस्थापक मयंक भावसार को कृषि आधारित जनजागरूकता कंटेंट तैयार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव में सम्मानित किया. मयंक भावसार सोशल मीडिया के माध्यम से किसानों तक कृषि संबंधी जानकारी एवं शासन की विभिन्न योजनाओं को सरल भाषा में पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं. उन्होंने कहा कि कृषि सहित 16 विभागों के समन्वय से किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जाएगा. मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ आत्मीय एवं प्रेरक संवाद भी किया. इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष ओम जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष रीना सतीश मालवीय, विधायक मधु वर्मा, मालिनी गौड़, गोलू शुक्ला, संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, श्रवण चावड़ा, कपिल यार्दे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे.

# ब्यावरा में पहली बार निकलेगी भगवान महाप्रभु जगन्नाथ की रथयात्रा

**नवभारत न्यूज**

**ब्यावरा 16 जुलाई, का. ब्यावरा में पहली बार भगवान जगन्नाथ, भगवान बलदेव और माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा. इस्कॉन ब्यावरा के तत्वावधान में होने वाली इस यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है. इस धार्मिक आयोजन को लेकर बीते दिनों मेडतवाल धर्मशाला में एक बैठक हुई थी. तब से तैयारियां जोरों पर है.**

बैठक में शहर के गणमान्य नागरिक, जगन्नाथ भक्त और इस्कॉन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने भाग लेंगे. मध्य प्रदेश इस्कॉन नामहट्ट विभाग के प्रमुख श्रीपाद केशव प्रभु ने रथयात्रा के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भगवान की कृपा प्राप्त करने का दुर्लभ अवसर है.

### धार्मिक संगठनों से सहयोग का आह्वान

शास्त्रों के अनुसार, रथ पर विराजमान भगवान जगन्नाथ के दर्शन मात्र से मनुष्य जन्म-मृत्यु के बंधन से मुक्ति की ओर अग्रसर होता है. बैठक में रथयात्रा के मार्ग, स्वागत स्थलों, सुरक्षा व्यवस्था और स्वयंसेवकों की जिम्मेदारियों पर चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप दिया गया. श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने पर भी बात हुई. आयोजन को सफल बनाने के लिए शहर के विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों से सहयोग का आह्वान किया गया है.

### आज श्री खाटूश्याम मंदिर से निकलेगी यात्रा

जिला प्रमुख नितिन पिपलोटिया ने बताया कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा 17 जुलाई, शुक्रवार को दोपहर 12 बजे शुरू होगी. यह यात्रा गुना बायपास स्थित श्री खाटूश्याम मंदिर से प्रारंभ होकर एबी रोड, मुख्य बाजार, पीपल चौराहा और सुभाष चौक होते हुए श्री अंजनीलाल मंदिर पहुंचेगी.

रथयात्रा के दौरान पूरे मार्ग में हरिनाम संकीर्तन, भजन-कीर्तन और जयघोष से भक्तिमय वातावरण बनेगा. समापन स्थल श्री अंजनीलाल मंदिर पर सामूहिक महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ का विशेष भात प्रसाद वितरित किया जाएगा.


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आसिफ बेग, पिता श्री नसीर बेग, उम्र 37 वर्ष, निवासी ग्राम एवं पोस्ट सीका तुर्कीपुरा, थाना तलेन, तहसील पचोर, जिला राजगढ़ (म.प्र.) का निवासी हूँ।मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम ASIF BAIG अंकित है, जबकि मेरे समस्त अन्य दस्तावेजों एवं मेरा वास्तविक एवं सही नाम ASIF BEG है। मेरी जन्मतिथि 01/01/1989 है। ASIF BAIG एवं ASIF BEG दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे ही हैं तथा इन नामों का कोई अन्य व्यक्ति ग्राम तुर्कीपुरा में निवास नहीं करता है।अतः भविष्य में मुझे ASIF BEG (आसिफ बेग) नाम से ही जाना, पहचाना एवं संबोधित किया जाए। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को इस नाम परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह निर्धारित समयावधि में प्रस्तुत कर सकता/सकती है, अन्यथा भविष्य में मेरे सभी कार्य एवं अभिलेख ASIF BEG (आसिफ बेग) नाम से ही मान्य होंगे।

**भवदीय - आसिफ बेग, पिता श्री नसीर बेग, निवासी ग्राम एवं पोस्ट सीका तुर्कीपुरा, थाना तलेन, तहसील पचोर, जिला राजगढ़ (म.प्र.)**


**उत्सव** ▶ **नरसिंहगढ़ और राजगढ़ में नगर भ्रमण पर निकले भगवान जगन्नाथजी**

# धूमधाम से निकले भगवान जगदीश, एक महीने बाद लौटेंगे मंदिर में

**नवभारत न्यूज**

**नरसिंहगढ़ 16 जुलाई, सं. नगर में गुरुवार को भगवान जगदीश रथयात्रा महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया. थावरिया स्थित जगदीश मंदिर में प्रातः भगवान जगदीश, बलभद्र एवं सुभद्रा का महाअभिषेक और विशेष श्रृंगार किया गया. महाआरती के बाद शाम को रथयात्रा प्रारंभ हुई. जो नगर के प्रमुख मार्गों से होकर बड़ा बाजार स्थित रामकृष्ण मंदिर पहुंची. यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जगह-जगह भगवान की पूजा-अर्चना, आरती और पुष्पवर्षा कर स्वागत किया.**

मंदिर में पीले चावल के भात का भोग लगाकर प्रसादी का



वितरण भी किया गया. इस मौके पर नगर के व्यवसायी रतनलाल गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता द्वारा जगन्नाथपुरी उड़ीसा से लाई गई ध्वजा भी मन्दिर शिखर पर फहराई गई.

**एक माह बाद मन्दिर में लौटेंगे भगवान** - रथयात्रा के साथ भगवान जगदीश एक माह के नगर भ्रमण पर निकल गए हैं. इस दौरान भगवान 15 दिन रामकृष्ण मंदिर तथा शेष 15 दिन नगर के विभिन्न मंदिरों में विराजमान रहेंगे. इस अवधि में धार्मिक आयोजन, भजन-कीर्तन एवं विशेष भोग का क्रम चलता रहेगा. लगभग 30 वर्षों से आयोजित हो रही यह परंपरा नगरवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र बनी हुई है.

इधर शहर के प्रज्ञा सागर पब्लिक स्कूल में भी जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया. नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भगवान जगन्नाथ की झांकी से सुसज्जित रथ खींचा तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से भक्तिमय वातावरण बनाया. विद्यार्थियों और स्टाफ ने पूजा-अर्चना, स्तुति एवं आरती के बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया.

### तू न संभाले तो हमें कौन संभाले पर झूमे श्रद्धालु

**राजगढ़ 16 जुलाई, का.** भगवान श्री जगन्नाथ की छठवीं भव्य रथयात्रा गुरुवार को राजगढ़ नगर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ निकाली गई. श्री जगन्नाथ सेवा एवं मालवीय प्रजापति सहयोग समिति के तत्वावधान में आयोजित रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता की. पूरे नगर में जय जगन्नाथ के जयघोष गूंजते रहे, वहीं डीजे पर बज रहे भक्ति गीत तू न संभाले तो हमे कौन संभाले, जय जगन्नाथ...पर श्रद्धालु नाचते-गाते भगवान की भक्ति में सराबोर नजर आए. प्रातः करीब 11 बजे भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा का विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन कर उन्हें सुसज्जित रथ पर विराजमान किया गया. महाआरती के बाद रथयात्रा मंदिर परिसर से प्रारंभ हुई. श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ भगवान के रथ को खींचकर अपनी आस्था प्रकट की. रथयात्रा खिलचीपुर नाका, पुराना बस स्टैंड, घूम घाटी, मुख्य बाजार सहित नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली. मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने भगवान की आरती उतारी, पुष्पवर्षा कर स्वागत किया तथा प्रसाद का वितरण किया.